(ग) उन पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. एम. जैकब) : (क) से (ग) : गृह मंत्री ने हाल ही में एक बैठक बुलाई, जिसमें आन्ध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश तथा उड़ीसा के मुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्रियों ने अपने-अपने राज्यों में वाम-पंथी उग्रवाद की समस्या से संबंधित विभिन्न पहलुओं के विस्तृत ब्यौरे प्रस्तुत किए हैं । उसके बाद किए गए विचार-विमर्श में अन्य बातों के साथ-साथ यह सहमति हुई कि राज्य सरकारें एक ऐसी कार्रवाई योजना तैयार करेंगी, जिसमें कानून और व्यवस्था को बनाए रखना और विकासीय उपाय करना शामिल होंगे, जो कि समस्या के मूल कारण से निपटने के लिए आवश्यक है । इस बारे में सर्व-सम्मति हुई कि गृह मंत्रालय इस संबंध में एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करें। गृह मंत्री ने इस मामले में राज्य सरकारों को सभी संभव सहायता देने का आश्वासन दिया ।

Marrying of foreigners with minor India* Girls

422. DR. RATNAKAR PANDEY:

SHRIMATI VEENA VERMA:

KUMARI SAYEEDA KHATUN:

SHRI KAPIL VERMA:

SHRI SHIV PRATAP MISHRA:

KUMARI CHANDRIKA PREMJ1

KENIA:

SHRIMATI KAMLA SINHA:

SHRI SANTOSH BAGRODIA:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Govemment are aware of the incident in which a Saudi Arabian was taking out a ten year old girl from Hyderabad, having allegedly purchased har from her parents;

(b) if so, whether Government propose to hold a high level inquiry to find ont the ramification of not only this particular case of child bride purchase by foreigners but also a big racket allegedly going on ia other parts of the country; and

(c) what steps are being taken to prevent recurrence of such cases and for busting such rackets?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): (a) Th* incident has come to the notice of the Government.

(b) and (c) The enquiry and action in the matter is a State subject and lies with the State Government. However, the information is being collected and will be laid on the table of the House as sooa as possible.

उत्तरांचल के बारे में उत्तर प्रदेश विधान सभा का संकल्प

423. डा. रत्नाकर पाण्डेय : : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित एक संकल्प आवश्यक कार्यवाही हेतु केन्द्रीय सरकार को भेजा है जिसमें यह कहा गया है कि गढ़वाल और कुमायूं मंडलों के आठ पर्वतीय जिलों को मिलाकर एक पृथक उत्तरांचल राज्य का गठन किया जाये; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. एम. जैकब) : (क) उत्तर प्रदेश सरकार से ऐसा कोई संकल्प प्राप्त नहीं हुआ है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता है ।